महत्वपूर्ण एवं खास

माध्यमिक शाला डोंगीतराई के बच्चों ने लगवाया टीका

रायगढ़। कोविड 19 के संक्रमण से बचाव हेतु स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शासन स्तर से वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कक्षा 06 से 08 तक अध्ययनरत 12 से 14 वर्ष उम्र के बच्चों को कोरोनावायरस का टीका लगाया जा रहा है, ताकि बच्चे सुरक्षित रह सके। इसी क्रम में अन्य विद्यालयों की तरह माध्यमिक शाला डोंगीतराई विकासखंड रायगढ़ के बच्चों ने प्रधान पाठक नीलांबर नायक एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक वीरेन्द्र कुमार चौहान के प्रेरणा से प्रोत्साहित हुए एवं माध्यमिक शाला डोंगीतराई में अध्ययनरत 44 बच्चों ने आज खुशी-खुशी सुरक्षा का प्रथम टीकाकरण करवाया।

चक्रवात ने बदली हवा की दिशा, दो दिन तापमान में वृद्धि से मिलेगी राहत

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी समेत प्रदेश भर में गर्मी ने अपना अहसास कराना शुरू कर दिया है। दो दिन तक जिस गति से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही थी उससे लगा कि तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो जाएगा लेकिन अब मौसम की दिशा दक्षिणी हो जाने से राहत की खबर है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी दो दिन तक अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी नहीं होगी। अभी जिस तरह अधिकतम तापमान रिकार्ड किया जा रहा है, वह स्थिर रहेगा। रविवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राजनांदगांव में सबसे अधिक 40.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान बलरामपुर में 16.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बता दें कि पिछले कई दिनों से लगातार गर्म हवा के कारण लोगों को गर्मी सता रही थी।

सीमेंट संयंत्र के आयल प्लांट में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर

बलौदाबाजार (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के खपराडीह स्थित सीमेंट संयंत्र के ऑयल प्लांट में आग लगने की खबर सामने आ रही है,लाखों रुपए के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। संयंत्र के अंदर काम चल रहा था। इसी दरमियान ऑयल टैंक में आग लग गई. प्रबंधन द्वारा घटना को लेकर कुछ भी कहने से इनकार किया जा रहा है. अब तक किसी भी व्यक्ति की हताहत होने से संबंधित जानकारी नहीं मिली है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाडिय़ाँ मौके पर पहुंची हुई है,आग पर काबू पाने मशक्कत जारी है।

बंद कमरे में सड़ी गली अवस्था में मिली युवक की लाश

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर के सरकंडा में कमरा बंद कर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश तीन दिन तक कमरे के भीतर फंदे पर लटकती रही और किसी को भनक तक नहीं लगी। शव से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को बुलाया और कमरे का दरवाजा तोड़ा, तब अंदर युवक की लाश सड़ चुकी थी और उसमें कीड़े लग गए थे। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। बहतराई निवासी दुर्गेश गोड़ (20) घर में अकेले रहता था। वह नशा लेने का आदी भी था। तीन दिन से वह आसपास नहीं दिख रहा था। पड़ोसियों ने भी उसके गायब होने पर ध्यान नहीं दिया। हालांकि, उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। अचानक कमरे से बदबू आने पर पड़ोसियों ने कमरे में झांक कर देखा, तब लाश फंदे पर लटक रही थी। उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी।

एयर गन, तलवार दिखाकर ट्रक ड्रायवरों से जबरन वसूली करने वाले एक अपचारी बालक सहित चार आरोपी गिरफ्तार

❒ एयर गन, तलवार, मारुति वेन और नकदी रकम जब्त, घरघोड़ा पुलिस की कार्यवाई

रायगढ़। जिले में दिनांक 17 एवं 18.03.2022 को लगातार दो दिनों तक होली ड्यूटी में व्यस्त रहने के बावजूद घरघोड़ा पुलिस की मुस्तैदी देखने को मिली, जहां ट्रक ड्रायवरों से लूट की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को मय लूट के माल एवं हथियार के पकड़कर 24 घंटे के भीतर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 20.03.2022 को रिपोर्टकर्ता/ट्रक ड्रायवर सुजीत कुमार यादव पिता भदईराम निवासी बहादुरपुर जिला वैशाली (बिहार) का थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह ड्रायवरी काम करता है, दिनांक 19.03.2022 को यह अपने ट्रक क्रमांक सीजी-13-ए.यु.-4956 तथा साथी ड्रायवर अनिल कुमार, सनोज राय, फजील मोहम्मद के साथ अपने-अपने ट्रक में कोयला लोड करने दीपका कोरबा जा रहे थे कि दिनांक 19-20.03.2022 मध्य रात्रि करीबन 12.00 बजे ग्राम टेण्डा नावापारा मेन रोड में पहुंचे थे। तभी सफेद रंग का मारूती वेन क्र. सीजी-13-सी-6827 में सवार 03 लोग पीछा कर ट्रक के सामने अपने वेन गाडी को अडा कर खडा कर दिये और पत्थर से ट्रक वाहन को फेंक कर मारे जिस पर ट्रक को रोके, तब आरोपियों ने कट्टा व धारदार तलवार दिखाकर मारपीट कर गाडी को तोडफोड कर किये और पॉकिट में रखे नगदी रकम 1,000 रूपये को लूट कर ले गये। साथी ड्रायवरों के भी दो ट्रकों में तोडफोड कर क्षतिग्रस्त कर दिये।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा तत्काल उच्चधिकारियों को मामले से अवगत कराकर निर्देशानुसार अप.क्र. 80/2022 धारा 341, 327, 336, 427, 323, 394, 34 भा.द.वि. एवं 25 आर्म्स एक्ट अपराध कायम कर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना, अति. पुलिस अधीक्षक लखन पटले के दिशा निर्देश व एस.डी.ओ.पी. धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर निरीक्षक अमित सिंह द्वारा तत्काल पुलिस टीम को माल मुल्जिम की पतासाजी में लगाया गया। प्रार्थी/आहत के निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी (1) ओमप्रकाश उर्फ चकदे अगरिया पिता तुलसीराम अगरिया उम्र 22 वर्ष (2) अभिषेक चिकवा पिता अशोक चिकवा उम्र 20 वर्ष दोनों नि. नावापारा टेण्डा थाना घरघोड़ा (3) दयादास महंत पिता सुकलाल महंत उम्र 22 वर्ष नि. छोटेगुमडा थाना घरघोड़ा (4) विधि से संघर्षरत बालक (उम्र 15 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किये। पीड़ित ट्रक ड्रायवरों ने आरोपियों की पहचान किया गया है, थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा सक्षम मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोपियों की पहचान कार्रवाई कराकर आरोपियों को लूट के मामले में गिरफ्तार कर आज दिनांक 21.03.2022 को रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक सफेद रंग का मारूती वेन क्र. सीजी-13-सी-6827, एक धारदार तलवार, एक एयर गन (कट्टा), अपहृत नगदी रकम 1,000 रू. को बरामद किया गया तथा आरोपियों व अपचारी बालक से महज 24 घंटे के भीतर अपहृत संपत्ति को बरामद कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपीगण घरघोड़ा थानाक्षेत्र के शातिर व अद्तन अपराधी हैं जो पूर्व में भी इस प्रकार के कृत्य में चालान हो चुके हैं। उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशन व मार्गदर्शन तथा एस.डी.ओ.पी. धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह की टीम में शामिल सहा.उपनिरी. चंदनसिंह नेताम, प्र.आर. मनोज मरावी, आरक्षक नंदु पैंकरा, नरेन्द्र पैंकरा, बीरबल भगत, विरेन्द्र भगत, भानु चंद्रा व डायल-112 में तैनात आर. सुरेन्द्र भगत की प्रकरण के माल मुल्जिम पतासाजी में विशेष भूमिका रही है जिनके द्वारा अद्तन अपराधियों को गिरफ्त में लेकर लूट की संपत्ति की बरामदगी की गई।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन आयोजन 25 मार्च को

❒ कवि संपत सरल करेंगे काव्य पाठ और गायिका ऐश्वर्या पंडित देंगी प्रस्तुति

❒ नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित होंगे कार्यक्रम

रायगढ़। भारत के आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय रायगढ़ में 25 मार्च को नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में सांस्कृतिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विधाओं के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम के शुभारंभ में उग्रसेन पटेल एवं साथी राजकीय गीत की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह भोजराम पटेल-छत्तीसगढ़ी गीत, दीपक आचार्य एवं साथी द्वारा छत्तीसगढ़ गायन, सुश्री तब्बू परवीन एवं साथी करेंगी सुआ नृत्य, शेखर गिरि एवं सतनाम संगवारी पंथी नृत्य, नवरतन सिंह बिंझवार बैंजो वादन लोक धुन, दीपक दास महंत एवं उग्रसेन पटेल द्वारा तबला/हारमोनियम, एमजी कालेज खरसिया के एनसीसी कैडेट द्वारा देशभक्ति भाव-नाटिका, सौरभ श्याम संगीत सृजन केन्द्र रायगढ़ द्वारा तबला समूह वादन, डॉ.दीपिका सरकार एवं साथी द्वारा भरत नाट्यम/युगल नृत्य, कुमारी शताक्षी सोनी एवं साथी द्वारा कथक नृत्य (समूह), सुश्री श्रुति दास द्वारा ओडिसी नृत्य (एकल), सुश्री ज्योतिश्री वैष्णव द्वारा कथक नृत्य (एकल), कु.पर्ल मोटवानी द्वारा गायन, प्रदीप चौबे रायपुर एवं साथी द्वारा शास्त्रीय गायन, सुश्री आर्या नंदे द्वारा ओडिसी नृत्य (एकल) एवं सुश्री ऐश्वर्या पंडित गायन की प्रस्तुति देंगी।

कार्यक्रम में कवियों द्वारा काव्य पाठ की प्रस्तुति होगी। जिनमें कवि संपत सरल, कर्नल वी.पी.सिंह, प्रियांशु गजेन्द्र, रामगोपाल शुक्ला, अमित शुक्ला, सुश्री संगीता सरगम, उपेन्द्र द्विवेदी, आशीष निर्मल, दिनकर पाठक, भूपधर अलबेला, गजराज दास महंत एवं बंशीधर मिश्रा मंच पर उपस्थित रहेंगे।

साथी के साथ मिलकर शराब दुकान में की लूटपाट

❒ कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड, लूटा हुआ शराब बरामद

रायगढ़। दिनांक 19.03.2022 के शाम थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत शराब दुकान बड़े रामपुर में वहीं समीप पर चखना दुकान लगाने वाले अफसर खान नाम का व्यक्ति अपने दो साथियों के साथ दुकान में घुसकर जबरदस्ती देशी व अंग्रेजी शराब की बोतलें ले गया था, सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर एवं स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपियों की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया जिनसे लूटी हुई शराब कह जप्ती कर आरोपियों को लूट के आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

कल दिनांक 20.03.2022 को थाना कोतवाली में विदेशी शराब दुकान बडेरामपुर के सुपरवाईजर दीपक साहू पिता आल्हाराम साहू (उम्र 37 वर्ष) निवासी नयागंज कोष्टापारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 19.03.2022 को लगभग शाम 5:00 बजे अफसर खान नाम का व्यक्ति जो शराब दुकान के सामने चखना दुकान लगता है अपने साथियो के साथ जबरन शराब दुकान में घुसने लगे जिसे शराब दुकान के स्टाफ रोकने का प्रयास किये तो गाली गलौच कर धमकी देते हुये स्टाफ के साथ हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट किये और विदेशी शराब दुकान से लगभग 30 बाटल बियर व देशी शराब दुकान से 30-35 नग अध्धी एवं पाव को लेकर भाग गये।

स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे टीआई मनीष नागर द्वारा शराब दुकान के कर्मचारियों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर इंदिरा नगर सिद्धिविनायक कॉलोनी में रहने वाले अफसर खान एवं रामभांठा में रहने वाले शिवेंद्र ठाकुर उर्फ छोटू तथा सुमित एक्का को शराब दूकान में लूटपाट करना बताये। तत्काल स्टाफ द्वारा दो आरोपी अफसर खान पिता अख्तर खान उम्र 32 वर्ष निवासी इंदिरा नगर सिद्धिविनायक कॉलोनी रायगढ़ एवं शिवेंद्र ठाकुर उर्फ छोटू पिता स्वर्गीय जय सिंह ठाकुर उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम रामभांठा संजय मैदान अंबेडकर भवन के पीछे थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया जिनसे 10 बियर की बॉटल, 12 पास देशी प्लेन शराब, 2 माशाला प्लेन एवं 4 अध्धी प्लेन शराब कुल कीमत 4200 रूपये की जप्त गई है। आरोपी सुमित एक्का निवासी रामभांठा संजय मैदान का पता तलाश किया गया जो फरार है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली TI मनीष नगर SI आर.एस. तिवारी, SI नंदलाल पैकरा, आरक्षक उत्तम सारथी, पुष्पेंद्र जाटवर की अहम भूमिका रही है।

15 लाख रूपये कीमत का 100 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

❒ पिकअप वाहन के डाला में गुप्त चेंबर बनाकर ओड़िशा से मध्यप्रदेश की जा रही थी गांजा तस्करी

❒ डोंगरीपाली पुलिस की अवैध गांजा तस्करी पर सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई

रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले व एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर जिले के सारंगढ़ अनुविभाग में पुलिस लगातार अवैध गांजा तस्करी पर कार्रवाई कर रही है। पिछले सप्ताह 14 मार्च को डोंगरीपाली पुलिस द्वारा डेढ़ क्विंटल के साथ आरोपी को गांजा तस्करी करते पकड़ा गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 21.03.2022 को थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेन्द्र एसैया को सक्रिय सूचनातंत्र पर गांजा की तस्करी को विफल करने में एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। आरोपियों द्वारा पिकअप वाहन के डाला में गुप्त चेंबर के नीचे गांजा पैकेट रखकर तस्करी किया जा रहा था जिनसे एक क्विंटल गांजा की जप्ती की गई है।

जानकारी के अनुसार कल दिनांक 20.03.2022 की रात थाना प्रभारी डोंगरीपाली को उनके मुखबिर से सूचना मिली कि एक गांजा तस्कर बिना नम्बर पिकअप वाहन में गांजा लेने सोनपुर ओड़िशा की ओर गया हुआ है। थाना प्रभारी द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने थाने की टीम बनाकर अलग-अलग स्थानों में नाकेबंदी लगाया गया तथा सभी नाकेबंदी पाइंट से जानकारी लिया जा रहा था कि आज दिनांक 21.03.2022 के सुबह थाना प्रभारी द्वारा इंटर स्टेट बार्डर पर बने बिरनीपाली बेरियर पर नाकेबंदी दौरान एक बिना नम्बर पिकअप वाहन को चेक किया गया जिसके पीछे डाला में गुप्त चेम्बर बनाकर उसमें गांजा छिपाकर रखे हुये थे जिसे पुलिस टीम द्वारा गवाहों के समक्ष चेक करने पर कुल 100 पैकेट गांजा वजन 100 Kg कीमत 15 लाख रूपये का पाया गया। वाहन चालक और उसके साथी द्वारा गांजा को बरपाली सोनपुर (ओडिशा) से देवास (मध्यप्रदेश) ले जाना बताये। आरोपी - (01) राजू मालवीय पिता रामचंद मालवीय उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड 12 रावण बाल्दी माचलपुर थाना माचलपुर जिला राजगढ़ (म.प्र.) (02) कमल सिंह बागरी पिता कालू बागरी उम्र 32 वर्ष निवासी सेमलिकला तह. खिलचिपर थाना भोजपुर जिला राजगढ़ (म.प्र.) से गांजा के अवैध परिवहन में प्रयुक्तथ बिना नम्बर पिकअप वाहन कीमत 3 लाख रूपये एवं एक क्विंटल गांजा कीमत 15 लाख रूपये का जप्त कर आरोपियों पर थाना डोंगरीपाली में धारा 20(B) NDPS Act के तहत कार्रवाई की गई है।

थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के साथ कार्रवाई सहायक उप निरीक्षक रामकुमार मानिकपुरी, आरक्षक भीमसेन भोई, किरण यादव, गजानंद पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।

आज रात में मुखबीर सूचना मिलने पर बॉर्डर पर चेकिंग दौरान एक बिना नम्बर पिकअप वाहन की चेकिंग के दौरान पीछे डाला में गुप्त चेम्बर बनाकर उसमे छिपा कर रखे कुल 100 पैकेट गांजा परिवहन करते 02 आरोपी को पकड़ा गया है सर, सभी पैकेट को तौल करने पर कुल 100 किलो गांजा होना पाया गया है सर। आरोपी जिसे बरपाली सोनपुर से जिला देवास (म.प्र.) लेकर जा रहे थे।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना में किसानों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

रायगढ़। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जिले के पंजीकृत समस्त कृषकों को पीएम किसान पोर्टल में ई-केवाईसी करवाना 31 मई 2022 तक अनिवार्य कर दिया गया है। शासन द्वारा इस योजना का लाभ सही एवं पात्र कृषकों को देने एवं फर्जीवाड़े को रोकने हेतु ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में उप संचालक कृषि हरीश राठौर ने बताया कि जिले में इस योजना अंतर्गत 2 लाख 30 हजार किसान पंजीकृत है जिनमें से आज दिनांक तक केवल 10 हजार 906 किसानों का ई-केवाईसी हो गया है। इसके लिए https://fw.pmkisan.gov.in/ लिंक में पीएम किसान पोर्टल पर ई-केवाईसी अपडेट के लिए आप्शन दे दिया गया है। अप्रैल 2022 में प्रदाय की जाने वाली किश्त का लाभ प्राप्त करने हेतु 31 मार्च 2022 तक आप स्वयं पीएम किसान पोर्टल में जाकर अपने आधार कार्ड नंबर का सत्यापन कर ई-केवाईसी कर सकते है या लोक केन्द्र सीएससी के माध्यम से भी सत्यापन कर ई-केवाईसी करा सकते है। शासन के निर्देशानुसार आधार कार्ड नंबर का सत्यापन एवं ई-केवाईसी कराने वाले कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त की राशि प्रदाय की जाएगी।

समय सीमा निर्धारित कर कार्यो को करें पूर्ण-कलेक्टर

0 कलेक्टर सिंह ने ली पीडब्लूडी, सेतु एवं एनएच विभाग की समीक्षा बैठक

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह ने आज लोक निर्माण विभाग, सेतु एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने विभिन्न मदों से किए जा रहे निर्माण कार्यो की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्वीकृत विभागीय कार्य, प्रारंभ एवं अप्रारंभ, पूर्ण स्थिति की रूपरेखा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने जिले में पीडब्लूडी के द्वारा किए जा रहे विभिन्न सड़क निर्माण कार्यो की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण में तेजी लाए एवं जिन खराब सड़कों की शिकायत, स्वीकृति एवं वर्क आर्डर नही होने की स्थिति पर प्राथमिकता से विशेष लिस्ट बनाए, जिससे ऐसे समस्याओं का निराकरण किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने सड़कों के निर्माण कार्यो में आ रही बाधा पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं पर निराकरण के निर्देश दिए। जिससे निर्माण कार्यो में तेजी लायी जा सके। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने पीडब्लूडी के द्वारा किए जा रहे भवन निर्माण की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इसके साथ ही सारंगढ़ सड़क के निर्माण कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सेतु निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा की। संबधित अधिकारी ने बताया कि 19 स्वीकृत कार्यो में से 18 निर्माणाधीन तथा एक कार्य निविदा की स्थिति में है। कलेक्टर सिंह ने समस्या का निराकरण कर निविदा कार्य पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर ईईपीडब्लूडी आर.के.खाम्बरा, एसडीओ पीडब्लूडी रायगढ़ के.पी राठौर, सहायक अभियंता एनएच बी.एस.भदोरिया, सहायक अभियंता पीडब्लूडी सेतु आर.एल.सारथी तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री कौशल विकास में प्रशिक्षण पश्चात मिला रोजगार

0 रिद्धि कर रही पिता का आर्थिक सहयोग तो सत्यम उठा रहे घर की जिम्मेदारी

रायगढ़। मध्यम वर्गीय परिवार से संबंध रखने वाली चक्रधरनगर रायगढ़ निवासी रिद्धि ठाकुर संयुक्त परिवार में पली बढ़ी। परिवार में सदस्यों की संख्या अधिक होने एवं मासिक आय से पूरे परिवार का भरण पोषण मुश्किल से हो पाता था। रिद्धि ठाकुर 12 वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात अपने पैरो में खड़े होकर पिता के साथ परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उठाना चाहती थी। उन्हे समझ नही आ रहा था कि किस प्रकार का रोजगार की तलाश किया जाए। इस दौरान रिद्धि ठाकुर को रायगढ़ लाईवलीवुड कॉलेज में नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली। इसके बाद लाईवलीहुड कॉलेज में हो रहे काउसलिंग में रिद्धि ठाकुर ने भाग लेकर कॉलेज में उपलब्ध सभी ट्रेड की जानकारी प्राप्त की तथा उन्होंने स्वरूचि से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत ऑफिस अस्सिटेंट ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्णय लिया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात कैम्पस सलेक्सन के माध्यम से रिद्धि ठाकुर को सुधीर फार्मा रायगढ़ जॉब मिला। उसे प्रारंभिक माह से 8 हजार रूपये की आय प्राप्त होने लगी। आज पिता के साथ रिद्धि ठाकुर की मासिक आय परिवार के लिए अतिरिक्त आमदानी का कार्य कर रही है जिससे उसका परिवार अत्यंत खुशहाल हैं। इसी आमदनी के सहायता से उसने स्वयं के लिए दो पहिया वाहन एवं स्मार्ट फोन क्रय कर चुकी है।

केलो विहार रायगढ़ निवासी सत्यम कुमार नायक जो एक मध्यम वर्गीय परिवार से संबंधित है। वह अपने परिवार का इकलौता पुत्र है, जिन पर घर व बहन की शादी की भी जिम्मेदारियां हैं। पढ़ाई में रूचि कम होने के कारण वह 12 वीं के पश्चात आगे नहीं पढ़ सके, लेकिन सत्यम चाहता था कि वह भी औरों की तरह किसी अच्छे व्यवसाय अथवा रोजगार से जुड़े। इसी दौरान उसे रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज की जानकारी प्राप्त हुई और उसने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत ऑफिस अस्सिटेंट ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्णय लिया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात सत्यम की नौकरी एम.आर.टेंट हाऊस रायगढ़ में मैनेजर के रूप में कार्यरत है। आज सत्यम नायक की आमदनी 15 हजार प्रतिमाह है। आज वे सफलता पूर्वक कार्य करते हुए अपनी परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी उठा पा रहे है। रिद्धि ठाकुर एवं सत्यम अपनी सफलता का श्रेय रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण को देते है। सत्यम कहते है कि बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के फलस्वरूप यह संभव हो पाया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480